# डीबी डिजिटल मीडिया

प्रिंट मीडिया पार्टनर "प्रदेश सत्ता"

DB NEWS A Digital Media खबरें ऐसी जो याद रहे

■ वर्ष-01 ■ अंक-14 ■ बालोद, रविवार 31 अगस्त 2025 ■ पृष्ठ-04 ■ मूल्य-4 रुपये

# बच्चों संग हड़ताल में शामिल हुई NHM के महिला कर्मचारी 13 वे दिन भी आंदोलन जारी, स्वास्थ्य व्यवस्था होने लगी पंगु

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद**

छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ द्वारा नियमितीकरण/सविलियन, ग्रेड पे, लंबित 27% वेतन वृद्धि सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन आंदोलन लगातार तेज हो रहा है। शनिवार को बालोद में NHM कर्मचारियों के हड़ताल का तेरहवां दिन रहा। दिनांक 29.08.2025 को हड़ताल में शामिल सभी कर्मचारी के लिए स्वास्थ सचिव का पत्र आया कि कर्मचारी ड्यूटी ज्वाइन करे, नहीं तो अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का आदेश आया है। फिर भी हड़ताली कर्मचारियों के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। कर्मचारियों का कहना है कि हमारी मांग जायज है, हमने शासन को 160 से ज्यादा ज्ञापन दिया था, जिस पर कोई कार्यवाही




नहीं हुई, तब जाके मजबूरी में हम हड़ताल पर गए ह हड़ताल हमारा कोई शौक नहीं है। वहीं आज घोषणा पत्र के अध्यक्ष सांसद विजय बघेल ने आज एक टीवी इंटरव्यू में कहा कि कर्मचारियों का मांग जायज है हमने घोषणा पत्र में




वादा किया था, इस पर सांसद ने मंत्री से मांग के संबंध पत्र और वार्ता के लिए कहा है कि मैं स्वयं इस बारे में मुख्यमंत्री, मंत्री से चर्चा करूंगा। हड़ताल में जिला अध्यक्ष श्री खिलेश साहू, सदस्य नितिन,विकाश कुमार,कामिनी




खरे,गार्गी,जयश्री नाग,युवराज सिन्हा , झरना, जीतेश्वरी, डॉ संजय साहू, डॉ नितुनारायण, ख़ेमलता,अनूप देशपांडे, आरती सिन्हा,डॉ मनीषा देवांगन, नंदनी , जयप्रकाश देशमुख, मनीषा ठाकुर, डॉ यशवंत वर्मा,लोकेश धुर्वे, दिनेश,और अन्य




सभी कर्मचारी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि प्रदेश के 16,000 से अधिक एनएचएम कर्मचारी इस आंदोलन में शामिल हैं, हड़ताल से प्रभावित सेवाशासकीय अस्पतालों में संस्थागत प्रसव, पैथोलॉजी जाँच (खून, पेशाब, ट्रू-नाट, सीबीनाट), टीबी, कुष्ठ, मलेरिया जांच, ओपीडी, नवजात शिशु देखभाल, स्कूल आंगनबाड़ी स्वास्थ्य परीक्षण , पोषण पुनर्वास केंद्र बंद हो गया है।एनसीडी स्क्रीनिंग, वृद्ध स्वास्थ्य परीक्षण और आपातकालीन सेवाएं सबसे अधिक परेशानी ग्रामीण क्षेत्र में हो रही है क्यों कि वहां सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी हड़ताल पर है, जिससे आयुष्मान आरोग्य मंदिर का ओ पी डी पूर्ण रूप से बंद है।

कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने शीघ्र ठोस पहल नहीं की, तो आने वाले दिनों में प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह पंगु हो जाएगी। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि जब तक सभी मांगों पर लिखित आदेश जारी नहीं होते, तब तक यह अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी रहेगा

## राज्य स्तरीय रोजगार मेला हेतु पंजीयन शिविर का आयोजन शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में 01 सितम्बर से

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद ।** राज्य में शिक्षित बेरोजगारों को निजी संस्थानों में नियोजित करने के उद्देश्य से राज्य स्तर पर 09 तथा 10 अक्टूबर को राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। जिसमें शामिल होने के लिए सत्र 2022,2023, 2024 तथा 2025 में उत्तीर्ण सभी दसवीं, बारहवीं, आईटीआई तथा डिप्लोमा उत्तीर्ण विद्यार्थी रोजगार कार्यालय के वेबसाइट पर अपना पंजीयन कर सकते हैं, या पंजीयन हेतु नजदीकी शासकीय आईटीआई में 01 सितम्बर 2025 से सम्पर्क कर सकते हैं। जिसमें आप सभी अपने शैक्षणिक दस्तावेज आधार कार्ड रोजगार पंजीयन तथा दो फोटो लेकर उपस्थित हो सकते है। अधिक जानकारी के लिए रोजगार कार्यालय जिला बालोद में सम्पर्क कर सकते हैं। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था डौण्डीलोहारा में प्रशिक्षण अधिकारी श्री वरुण कुमार साहू 99934 48664, शासकीय आईटीआई सुरेगांव प्रशिक्षण अधिकारी श्री प्रवीण कुमार यादव तथा शासकीय आईटीआई गुण्डरदेही में प्रशिक्षण अधिकारी श्री मोहित कुमार साहू 9424262514 से संपर्क किया जा सकता है

## सनौद में तीन दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता 29 से 31 अगस्त तक, जनपद अध्यक्ष सुनीता संजय साहू ने किया शुभारंभ


**डीबी डिजिटल मीडिया गुरुर**

ग्राम सनौद बाजार चौक में 29 अगस्त से 31 अगस्त तक त्रिदिवसीय रामधुनी ,गायन, वादन एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। गणेश चतुर्थी के अवसर पर यह आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शनिवार 30 अगस्त को बाल संगम रामधुनी मंडली कोटेला उत्तर बस्तर कांकेर, दाई के दुलार रामधुनी मंडली कन्हारपुरी गुरुर, श्रद्धा के फूल रामधुनी मंडली भटगांव कलंगपुर, लोक संस्कृति माटी के मितान रामधुनी मंडली अटंग अमृतपुर, लोक नृत्य रामधूनी मंडली तुमड़ीकसा घोटिया, छत्तीसगढ़ अंचल मोर मयारू लोक कला रामधूनी मंडली बानगर कुरूद ने प्रस्तुति दी। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि 29 अगस्त को जनपद अध्यक्ष सुनीता संजय साहू थे अध्यक्षता जनपद पंचायत सभापति नरेश साहू ने की। अति विशिष्ट तिथि भाजपा मंडल सनौद के अध्यक्ष खेमलाल देवांगन, विशेष अतिथि सभापति जनपद पंचायत गुरुर हरि कृष्ण



गंजीर , परिक्षेत्रीय साहू समाज सनौद के अध्यक्ष लीलाराम सोनबेर,जनपद पंचायत गुरुर के सदस्य आशीष साहू, जनपद सदस्य झालेंद्र साहू, सांगली के सरपंच तुलज साहू, डोटोपार के सरपंच चंद्रकला एक नारायण साहू, पड़कीभाट के सरपंच गंगा बालक साहू, सवाना प्राइवेट लिमिटेड पड़कीभाट से चेतन लाल साहू आदि मौजूद रहे। तो इसी तरह शनिवार 30 अगस्त को आयोजन के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी एवं होटल व्यवसायी धमतरी पद्माकर वायकर थे। अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति लक्ष्मी अशोक साहू ने की। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता लखनलाल गुरुपंच, विशेष अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी डोंगरगांव फत्ते लाल कोसरिया, भाजपा सनौद मंत्री मनीष साहू, कुंजलाल साहू, केशव सोनबेर ध्रुव राम चंदन मलागार, मनोज सिन्हा, पिंटू साहू, जीवनलाल निषाद आदि मौजूद रहे ।रविवार समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक संगीता सिन्हा होंगे। अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तामेश्वर साहू करेंगे। विशेष अतिथि पूर्व सभापति जिला पंचायत बालोद केदार देवांगन, डांडेसरा के सरपंच तोमन साहू, सनौद के सरपंच डिगेश्वर नाथ ठाकुर, ग्रामीण विकास समिति चुनाव के अध्यक्ष चित्रांगद सोनबेर, युवा कांग्रेस नेता बालोद मुकेश सार्वा, सनौद उपसरपंच मुकेश सोनबेर, सेक्टर अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी उमेश अठभैया,उपाध्यक्ष ब्लॉक किसान मोर्चा कांग्रेस कमेटी गुरुर व्यास नारायण साहू, पूर्व सरपंच सनौद अमृत आशीष साहू, पंच लक्ष्मी देवांगन , संजय केकती होंगे आयोजन में विभिन्न वर्गों में पुरस्कार रखे गए हैं । जिसके तहत प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली मंडली को झांकी में प्रथम पुरस्कार 3001 रुपए, द्वितीय को 2501 रुपए , तृतीय पुरस्कार 2001 रुपए, गायन में प्रथम पुरस्कार 3001 रुपए द्वितीय में, 2501 रुपए तृतीय में 2001 रुपए पुरस्कार दिया जाएगा।इसके अलावा 501 रुपए के चार श्रेणी में विशेष पुरस्कार रखे गए हैं

# बालोद शहर में विराजित गणेश प्रतिमाओं की झलकियां










## समाचार संक्षेप

### बालोद एसपी का मनाया गया जन्मदिन



**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद।** शनिवार को बालोद पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर सभी स्टाफ ने उन्हें अपने अपने अंदाज में बधाई दी। किसी ने तोहफे गिफ्ट लिए तो किसी ने उनके दीर्घायु की कामना की ।

### बालोद शहर में पूनम चंद गुप्ता बने विधि विषय में पी.एच.डी . की उपाधि प्राप्त करने वाले पहले विद्यार्थी



**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद ।** पूनम चंद गुप्ता आत्मज श्री ओमप्रकाश गुप्ता को विधि विषय में डॉ. सी.वी. रामन विश्वविद्यालय करगी रोड कोटा बिलासपुर के द्वारा पी एच.डी. की उपाधि प्रदान की गई । उन्होंने अपना शोध प्रबंध शीर्षक " अनुसूचित जनजातियों के अधिकार संरक्षण में विधियों की भूमिका ( भूमि अधिकार संरक्षण विधियों के विशेष सन्दर्भ में ) " डॉ. आर.पी.चौधरी संकायाध्यक्ष विधि संकाय डॉ. सी.वी. रामन विश्वविद्यालय करगी रोड कोटा बिलासपुर एवं डॉ. जैनेन्द्र कुमार पटेल सहायक प्राध्यापक विधि शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद, के कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न किया । इनके इस उपलब्धि के लिए परिवार के सदस्यों के साथ साथ मित्रगणों ने भी प्रसन्नता अभिव्यक्त किया है। बालोद शहर में श्री पूनम चंद गुप्ता विधि विषय में पी.एच.डी . की उपाधि प्राप्त करने वाले पहले विद्यार्थी हैं

### फर्जी सिम से निकाला खाते से 1.84 लाख, किसान को बनाया ठगी का शिकार

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद ।** बालोद ब्लॉक के ग्राम बिरेतरा में एक किसान साइबर ठगी का शिकार हो गया है। अज्ञात ठग ने किसान प्रीतम यादव (46) पिता स्व. लोकनाथ यादव के यूको बैंक खाते से एक लाख 84 हजार रुपए निकाल लिया है। शिकायत पर बालोद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रीतम यादव ने बताया कि उसका यूको बैंक शाखा बालोद में खाता है, जिसमें उनका मोबाइल नंबर लिंक था। 22 अगस्त को अचानक उनका मोबाइल बंद हो गया। उन्होंने इसे एक मोबाइल दुकान में दिखाया। दुकानदार ने सिम के पुराने होने की बात कही और नया सिम लेने की सलाह दी। वह जियो कार्यालय बालोद पहुंचा और पुराने नंबर का नया सिम प्राप्त किया। कंपनी ने बताया कि सिम 24 घंटे में एक्टिव हो जाएगा।23 अगस्त की रात 11 बजे जब मोबाइल चालू हुआ तो उनके नंबर पर बैंक से पैसे निकाले जाने के कई मैसेज मिले। उन्हें पता चला कि किसी ने उनके मोबाइल नंबर को पहले हैक कर लिया और फिर यूको बैंक खाते से संपूर्ण राशि निकाल ली।

# पतंजलि समिति दुर्ग और पाटन ने रखा 25 दिवसीय आवासीय शिविर का आयोजन

**डीबी डिजिटल मीडिया दुर्ग/पाटन**



कुमकुम आरोग्य केंद्र में पतंजलि योग समिति के तहसील समिति की बैठक नरेंद्र पटेल जिला प्रभारी पतंजलि योग समिति के अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में तहसील समिति के पुनर्गठन एवं विस्तार पर चर्चा हुई एवं पांच सदस्यीय समिति गठित की गई जिनके प्रस्ताव पर आगे समिति का पुनर्गठन विस्तार किया जाएगा इस पांच सदस्य समिति में श्री लालाराम वर्मा, श्री आसकरण जैन,श्री राम अवतार चंद्राकर, श्री धीरेंद्र वर्मा एवं श्री महेंद्र साहू होंगे। जो प्रस्ताव बनाकर जिला समिति को एक सप्ताह के अंदर प्रदान करेंगे। साथ ही निर्णय हुआ कि पाटन क्षेत्र में योग के प्रचार प्रसार हेतु सहयोगी योग शिक्षकों का निर्माण हेतु सहयोगी योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर बृहद रूप से पाटन क्षेत्र में लगाया जाएगा। जिससे गांव-गांव तक योग आयुर्वेद एवं स्वास्थ्य हेतु कार्य किया जा सके। इसमें 25 दिवसीय योग शिविर का आयोजन दिनांक 17 सितंबर से 12 अक्टूबर 2025 तक किया जाना है जिसमें जिले भर के सभी लोग योग प्रशिक्षित कर प्रमाण पत्र के साथ हर जगह योग मय बनाने का संकल्प है ,इसी संकल्प के साथ प्रयास जारी है। इस बैठक में जिला पत्रिका पदाधिकारी श्री उद्धव राम साहू, श्री राजेश तिवारी ,श्री जेआर बिसेन, श्रुति जी राम साहू आदि के साथ ही पाटन क्षेत्र के उभय राम, राजेंद्र कुमार साहू अनीता सोनी, श्रीमती सुनीता सोनी, श्रीमती प्रियंका चंद्राकर, राकेश साहू, अंजू बैरागी, श्री टिकेश्वर पटेल योग शिक्षक रायपुर आदि की उपस्थिति रही

# ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की नई पहल 'दीदी के गोठ' रेडियो कार्यक्रम का होगा शुभारंभ

## 31 अगस्त को दोपहर 12:15 बजे सभी आकाशवाणी केंद्रों से प्रसारित होगा कार्यक्रम

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद**

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि सुशासन का वास्तविक अर्थ तभी पूर्ण होगा जब हमारी ग्रामीण महिलाएँ सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक रूप से सशक्त बनें। इसी दूरदर्शी सोच के साथ छत्तीसगढ़ सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन की दिशा में प्रेरित करने के लिए एक नई ऐतिहासिक पहल की है।राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत तैयार विशेष रेडियो कार्यक्रम "दीदी के गोठ" का शुभारंभ 31 अगस्त 2025 को दोपहर 12:15 बजे किया जाएगा। यह कार्यक्रम आकाशवाणी रायपुर केंद्र सहित प्रदेश के सभी आकाशवाणी केंद्रों से एक साथ प्रसारित होगा।

साथ ही इसकी लाइव स्ट्रीमिंग ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध रहेगी। दीदी के गोठ केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी की सुशासन की सरकार की दूरदर्शी सोच का प्रतिबिंब है।इसका उद्देश्य महिलाओं की आवाज को पूरे समाज तक पहुँचाना, उनके संघर्ष और उपलब्धियों को सामने लाना तथा उन्हें शासन की योजनाओं से जोड़कर सकारात्मक परिवर्तन की राह दिखाना है।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, भारत सरकार के केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री तथा राज्य के उप मुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री विजय शर्मा द्वारा ग्रामीण महिलाओं के नाम विशेष संदेश और प्रेरणादायी शुभकामनाएँ प्रसारित की जाएंगी।

यह अवसर न केवल एक कार्यक्रम का शुभारंभ होगा, बल्कि शासन की नीतियों और योजनाओं को सीधे जनता तक पहुँचाने का एक सशक्त माध्यम भी बनेगा।दीदी के गोठ का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण अंचलों की महिलाओं को शासन की विभिन्न योजनाओं से जोड़ना, उन्हें स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना तथा आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन की ओर अग्रसर करना है। इस कार्यक्रम में स्व-सहायता समूहों की सफल महिलाओं की कहानियाँ सुनाई जाएंगीकृकैसे उन्होंने संघर्ष और कठिनाइयों को पार कर अपनी मेहनत और आत्मविश्वास से न सिर्फ आर्थिक रूप से मजबूती हासिल की, बल्कि समाज में भी एक नई पहचान बनाई। आज छत्तीसगढ़ की लाखों महिलाएँ लखपति दीदी बन चुकी हैं। उनका जीवन बिहान योजना से सकारात्मक रूप से बदला है। इनकी प्रेरणादायी कहानियाँ रेडियो की आवाज के माध्यम से हर गाँव और हर घर तक पहुँचेंगी, ताकि अन्य महिलाएँ भी आत्मनिर्भरता की राह पकड़ सकें।

इस कार्यक्रम के प्रभाव को और अधिक व्यापक बनाने के लिए पंचायत, ग्राम संगठन और संकुल संगठन स्तर पर सामूहिक श्रवण की व्यवस्था की जा रही है। इसमें जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, स्थानीय समुदाय और स्व-सहायता समूह की दीदियाँ विशेष रूप से शामिल होंगी। सामूहिक श्रवण से ग्रामीण क्षेत्रों में आपसी संवाद, चर्चा और प्रेरणा का वातावरण बनेगा।

# छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव: जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में प्रधानमंत्री मातृवंदना पंजीयन अभियान आयोजित






**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद**

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा एकीकृत बाल विकास परियोजना देवरी सेक्टर देवरी के सभी आंगनबाड़ी केंद्रो में प्रधानमंत्री मातृवंदना पंजीयन अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी गर्भवती, शिशुवती माताएं एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना के बारे में जानकारी दी गई। प्रथम गर्भावस्था में 5000 रुपए की राशि दो किश्तों में देय होती है एवं द्वितीय संतान बालिका हेतु राशि 6000 एक मुस्त दी जाती है। पात्र हितग्राहियों का पंजीयन भी किया गया तथा इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं पोषण पर भी चर्चा की गई

# राज्य के सभी 55 नगर पालिकाओं के अध्यक्ष और सीएमओ सूरत के अध्ययन भ्रमण पर जाएंगे : प्रतिभा चौधरी

- सूरत नगर निगम की सफाई व्यवस्था, अपशिष्ट प्रबंधन और नवाचारों का करेंगे अध्ययनजन
- प्रतिनिधियों, अधिकारियों व नागरिकों से संवाद कर सीखेंगे शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के गुर

डीबी डिजिटल मीडिया

बालोद/रायपुर



राज्य के सभी 55 नगर पालिकाओं के अध्यक्ष और मुख्य नगर पालिका अधिकारी देश के सबसे स्वच्छ शहरों में शामिल सूरत के अध्ययन भ्रमण पर जाएंगे। अपने तीन दिवसीय अध्ययन प्रवास के दौरान वे सूरत नगर निगम की सफाई व्यवस्था, कचरा संग्रहण और अपशिष्ट प्रबंधन के साथ ही शहर को साफ-सुथरा रखने के लिए अपनाए गए नवाचारों का अध्ययन करेंगे। वे जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों तथा नागरिकों से संवाद कर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के गुर भी सीखेंगे।अध्ययन यात्रा के पहले बैच में 28 नगर पालिकाओं के अध्यक्ष और मुख्य नगर पालिका अधिकारी 28 अगस्त से 30 अगस्त तक सूरत में साफ-सफाई की व्यवस्था का अध्ययन करेंगे।

वहीं दूसरे बैच में 27 नगर पालिकाओं के बालोद नगर पालिका सहित अन्य पालिका के अध्यक्ष और मुख्य नगर पालिका अधिकारी 1 सितम्बर से 3 सितम्बर तक सूरत में अपने-अपने शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के तरीके सीखेंगे। इस भ्रमण से राज्य के नगरीय निकायों को स्वच्छता के प्रति दृष्टिकोण बदलने में मदद मिलेगी। अध्ययन भ्रमण से प्राप्त अनुभव नगर पालिकाओं को स्थायी, सहभागी एवं नवाचारयुक्त अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली विकसित करने में सक्षम बनाएंगे। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की पहल पर विगत जून माह में राज्य के सभी 14 नगर निगमों के महापौर, आयुक्त और वरिष्ठ अभियंता इंदौर के अध्ययन भ्रमण पर गए थे। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरुण साव ने अध्ययन प्रवास से लौटे सभी महापौरों और आयुक्तों के साथ मैराथन कार्यशाला आयोजित कर उनके अनुभवों को सुना था। कार्यशाला में छत्तीसगढ़ के नगर निगमों में स्थानीय जरूरतों और परिस्थितियों के अनुसार इंदौर की बेस्ट प्रेक्टिसेस और नवाचारों को लागू करने मंथन किया गया था।

कई नगर निगमों ने इन पर अमल भी शुरू कर दिया है। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के इंदौर के सार्थक अध्ययन भ्रमण को देखते हुए उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव के निर्देश पर नगरीय प्रशासन विभाग ने अन्य नगरीय निकायों के पदाधिकारियों एवं अधिकारियों को भी देश के स्वच्छतम शहरों के भ्रमण पर भेजने का निर्णय लिया है। इसी के तहत सभी नगर पालिकाओं के अध्यक्षों और सीएमओ को अध्ययन प्रवास पर सूरत भेजा जा रहा है।

सूरत नगर निगम स्वच्छता, तकनीकी दक्षता एवं शहरी नवाचारों में देश के सर्वश्रेष्ठ शहरों में से एक है। वहां की श्रेष्ठ प्रथाओं और नवाचारों को देख-समझकर लौटने के बाद उन्हें राज्य की नगर पालिकाओं में स्थानीय परिप्रेक्ष्य में लागू करने की रणनीति तैयार की जाएगी।तीन दिनों के अध्ययन प्रवास में इनका करेंगे अवलोकनबालोद नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने बताया दो बैचों में अध्ययन भ्रमण पर जा रहे नगर पालिकाओं के अध्यक्ष और सीएमओ सूरत नगर निगम में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के एकीकृत मॉडल का अवलोकन करेंगे, जिसमें शत-प्रतिशत घर-घर अपशिष्ट संग्रहण, स्रोत-स्तरीय पृथक्करण प्रणाली, स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन, अपशिष्ट प्रोसेसिंग यूनिट्स, जीपीएसयुक्त अपशिष्ट वाहन प्रणाली, रियल-टाइम ट्रैकिंग एवं आईसीसीसी के माध्यम से निगरानी शामिल हैं। बालोद नगर पालिका दूसरे चरण में जाएगी । इनके साथ ही वे प्रतिभागी सर्कुलर इकोनॉमी एवं नवाचार से जुड़ी पहलों जैसे बायोमाइनिंग, वेस्ट-टू-वेल्थ, लैंडफिल प्रबंधन, आरआरआर (Reduce-Reuse-Recycle) केंद्रों तथा सामुदायिक सहभागिता आधारित शून्य अपशिष्ट पहल का भी अध्ययन करेंगे।

अध्ययन भ्रमण के दौरान सूरत नगर निगम के अधिकारियों से प्रत्यक्ष संवाद, केस स्टडी आधारित प्रस्तुतियाँ तथा छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधियों द्वारा स्थानीय समाधान की पहचान एवं रूपरेखा पर मंथन जैसे ज्ञानवर्धन सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। इससे नगर पालिकाओं के अध्यक्षों एवं सीएमओ को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा और वे अपने निकायों में नवाचारयुक्त समाधान लागू करने के लिए प्रेरित होंगे

# राज्य कर्मचारी संघ बालोद छत्तीसगढ़ का जिला स्तरीय बौद्धिक संगोष्ठी कार्यक्रम संपन्न







डीबी डिजिटल मीडिया बालोद

राज्य कर्मचारी संघ बालोद छत्तीसगढ़ के द्वारा जिला स्तरीय बौद्धिक संगोष्ठी कार्यक्रम 30.8.2025 को सी मार्ट बालोद में संपन्न हुआ ।जिसमें मुख्य अतिथि राजेश ताम्रकार संघ चालक राजनांदगांव, अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी नगर पालिका परिषद बालोद, अश्विनी चेलक प्रदेश महामंत्री राज्य कर्मचारी संघ, विनोद शर्मा प्रदेश सचिव, बोधिराम निषाद प्रदेश संगठन मंत्री, नागेंद्र सिंह प्रदेश प्रकोष्ठ प्रमुख, राज्य कर्मचारी संघ लक्ष्मण राव मगर, प्रादेशिक सचिव सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर डॉक्टर शशि भूषण शर्मा, जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह राजपूत, शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजेश्वर राव कृदत्त, जिला संघ चालक बालोद,भागीरथ जिला प्रचारक बी रावत, पूर्व प्रदेश कार्यालय प्रमुख मुरारी लाल चंदन, संयोजक सहकार भारती की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना रीमा सोरी, भगवंतिन सिन्हा और मनोरमा कुम्भज ने प्रस्तुत किया। तत्पश्चात जिला अध्यक्ष बालोद वीरेंद्र देशलहरे ने आवेदन प्रस्तुत किया कि राज्य कर्मचारी संघ बालोद राष्ट्र हित में कार्य करेगा और राष्ट्र की प्रगति में अपनी अहम भूमिका का निर्वहन करेगा ।

मंचस्थ अतिथि गणों ने कार्यक्रम में संघ और राज्य कर्मचारी संघ की आवश्यकता और अनिवार्यता पर प्रकाश डाला कि राष्ट्र हित सर्वोपरी है। उपरोक्त कार्यक्रम में मंच संचालन गजेन्द्र पूरी गोस्वामी जिला सचिव और जयकांत पटेल जिला प्रवक्ता राज्य कर्मचारी संघ बालोद ने किया । कार्यक्रम का संपूर्ण मीडिया कवरेज अमित श्रीवास्तव जिला मीडिया प्रभारी ने किया

# घरेलू गैस कनेक्शन का हो रहा होटलों में इस्तेमाल, हिंद सेना ने की खाद्य अधिकारी से कार्रवाई की मांग



डीबी डिजिटल मीडिया बालोद



समाज की विभिन्न समस्याओं को लेकर आवाज उठाने वाले हिंद सेना के प्रदेश मुख्य संयोजक तरुण नाथ योगी एवं मां कामधेनु बालोद जिला अध्यक्ष दिग्विजय सिंह क्षत्रिय ने घरेलू गैस कनेक्शन का व्यापारिक उपयोग को लेकर सवाल उठाया है। इस पर खाद्य अधिकारी को ज्ञापन देते हुए कार्यवाही की मांग की गई है। ज्ञापन में उनके द्वारा कहा गया है कि बालोद जिले में होटल संचालकों द्वारा घरेलू गैस टंकी का उपयोग अपने-अपने प्रतिष्ठान में किया जा रहा है जबकि कमर्शियल गैस टंकी का ही उपयोग होटल सचालको को करने का आदेश प्रशासन से प्राप्त है। लेकिन होटल संचालक घरेलू गैस टंकी का ही उपयोग करना गलत है और दुर्घटनाओ की आशंका बनी रहती है। जिससे जानमाल का खतरा बना रहता है। इस पर कार्यवाही करने की मांग जिला खाद्य अधिकारी से की गई है

संपादकः माधुरी दीपक यादव, सलाहकार संपादक-यशवंत पुरी गोस्वामी, उप संपादक- मधू दीपक देवदास,वेब मीडिया dailybalodnews.com, प्रिंट मीडिया पार्टनर- प्रदेश सत्ता ,संपादक - मुनेंद्र यादव